सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद जारी निर्देश

# रात 8 बजे पहले व 10 बजे बाद आतिशबाजी पर रोक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 3-11-21

रतलाम. कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद आतिशबाजी पर कई तरह की रोक लगाई है। धारा 144 के नियम का हवाला देकर अब जिले में रात 8 बजे पूर्व व रात 10 बजे आतिशबाजी नहीं की जा सकेगी।

## इस प्रकार नहीं हो सकेगी

- रात 8 बजे पूर्व व रात 10 बजे बाद आतिशबाजी नहीं हो सकेगी।
- बैरियम साल्ट का उपयोग जिन पटाखों में हो उस पर रोक।
- पटाखों की आवाज 4 मीटर से अधिक दूरी पर नहीं जाए व 125 डेसीबल से अधिक आवाज के नहीं हो।
- पटाखों को ऑनलाइन खरीदी बिक्री करने पर रोक।
- शांतिवाले क्षेत्र जैसे कलेक्टर कार्यालय, जिला अस्पताल आदि के 100 मीटर की दूरी तक पटाखें नहीं जला पाएंगे।

पत्रिका
3-11-2021

# प्रदेश में दीपावली पर केवल ग्रीन पटाखों का होगा उपयोग, ऑनलाइन पटाखे मंगाने पर प्रतिबंध

भोपाल, (एजेंसी)। सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा जारी आदेशों के पालन में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दीपावली के दौरान पटाखों के निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं प्रस्फोटन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदूषण से बचने के लिए ग्रीन पटाखों [illegible] पटाखों की अमेजॉन ऑनलाइन, फ्लिपकार्ट आदि के ऑनलाइन सेल प्रतिबंधित [illegible] सचिव मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ए. मिश्रा ने बताया कि ग्रीन पटाखों के लिए पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन (पीईएसओ) और नीरी द्वारा स्वैच्छिक वर्गीकरण किया गया है। ग्रीन पटाखों का लोगो पैकेट पर प्रिंट रहेगा। ग्रीन पटाखों में फुलझड़ी, अनार, मैरून शामिल है। पटाखों में बेरियम साल्ट आदि विषैले रसायनों का उपयोग, लड़ी (जुड़े हुए पटाखों) का निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण और प्रस्फोटन प्रतिबंधित है। पंजीकृत निर्माताओं की सूची नीरी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पटाखों की तीव्रता प्रस्फोटन स्थल से 4 मीटर पर 125 डीबी(ए) से अधिक नहीं होनी चाहिए, वहीं संवेदनशील क्षेत्रों जैसे अस्पताल, नर्सिंग होम, हेल्थ केयर सेंटर, शैक्षणिक संस्थान, धार्मिक स्थलों से 100 मीटर तक प्रतिबंधित है।

3-11-21

राज एक्सप्रेस
3-11-2021

# पटाखा बाजार में खुशियों की फुलझड़ी के साथ बाहुबली बम

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट 3-11-21

## दो स्थान पर मिलाकर शुरू हो गई 182 दुकानें



रतलाम. शहर में पांच दिवसीय दीपोत्सव का उल्लास छा गया है। पिछले कुछ दिनों से सोना, चांदी, ऑटोमोबाइल, आभूषण, फर्नीचर, कपड़ा बाजार में रौनक रही है अब यह बढ़कर पटाखा बाजार में भी खरीदारी का दौर शुरू हो गया है। आतिशबाजी को लेकर शहर भी उत्साहित है। पटाखा विक्रेता भी इस बार बाजार को गुलजार देखकर खुश नजर आ रहे है। इस व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों के अनुसार करीब 2 करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है। बाजार में किककेट फुलझड़ियों के साथ बाहुबली बम भी उपलब्ध हो गए है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने इस बार नेहरू स्टेडियम में लगने वाली परंपरागत आतिशबाजी की दुकानों को शहर में दो अलग-अलग स्थान पर लगवाया। एक स्थान बड़बड़ स्थित मैदान है तो दूसरा स्थान त्रिवेणी है। नगर निगम ने इन दो स्थान पर मिलाकर कुल 182 दुकानों का लाइसेंस जारी किया है। शहर में इन दुकानों का बेसब्री से इंतजार हो रहा था। अब शहर के साथ साथ ग्रामीण उपभोक्ताओं की भीड़ इन दुकानों पर पहुंचने लगी है।

### देरी से थोड़े रहे मायूस

हालांकि हर बार आतिशबाजी की दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया जल्दी शुरू हो जाती रही है, लेकिन इस बार इसमे देरी हुई। सरकारी प्रक्रिया की धीमी गति से कारोबारी थोड़े मायूस जरूर हुए, लेकिन अब जब पर्व सामने आ गया तो इनके चेहरों पर भी प्रसन्नता है।

### ग्रीन पटाखों की मांग

कोरोना काल के बाद पर्यावरण के प्रति जागरुकता आई है। इस बार ग्रीन पटाखों की मांग बढ़ गई है। पहले से इस बारे में जागरुकता रखते हुए दुकानदार भी इसको पर्याप्त संख्या में लाए है। दुकानदार [illegible] कुमार, मोहनलाल आदि ने [illegible] कि पर्याप्त मात्रा में ग्रीन [illegible] उपलब्ध है। ग्राहक भी इतने जा[illegible] हो गए है कि क्यूआर कोड दे[illegible] ही पटाखे ले रहे है।

### फैंसी आतिशबाजी

इस बार शहर में परंप[illegible] आतिशबाजी के साथ साथ [illegible] आतिशबाजी भी आई है। प[illegible] विक्रेताओं के अनुसार बच्चे [illegible] पटाखे ही पसंद कर रहे है। बाज[illegible] इंडोर व आउटडोर दोनों प्रका[illegible] आतिशबाजी की मांग व उपल[illegible] है। इनमे बटर फ्लाई, पाटी [illegible] बाहुबली बम, पोप पो, 10 से [illegible] शॉट, पूजन फूल, किककेट [illegible] कई तरह की फुलझड़ियां है।

पत्रिका
3-11-2021

## शौचालय बनाने के लिए किस्त भुगतान नहीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई हुई। सर्वोदय नगर के दिनेश मकवाना ने आवेदन दिया कि नगर उदय अभियान में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए बकाया किस्त का भुगतान नहीं किया है। निगमायुक्त को कार्रवाई के लिए कहा। सेवानिवृत शिक्षिका स्नेहलता सिमोन ने कहा तृतीय क्रमोन्नति वेतनमान की पात्रता आती है, लेकिन नहीं दिया है। आवेदन पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को कार्रवाई के लिए कहा। काजीपुरा निवासी निसार खान ने आवेदन दिया कि उसके प्लॉट पर कब्जा करने के उद्देश्य से उसके पड़ोसी ने निर्माण किया है। इसे लेकर पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं।

दैनिक भास्कर 3-11-2021

## 17 आवेदन पर निराकरण के निर्देश

रतलाम। जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। अपर कलेक्टर एमएल आर्य, जिला पंचायत जमुना भिड़े, डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावत ने आवेदकों की समस्या सुनी और निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए।

जनसुनवाई में सर्वोदय नगर रतलाम के दिनेश मकवाना ने आवेदन दिया कि नगर उदय अभियान अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु उसको बकाया किस्त का भुगतान नहीं किया गया है। आवेदन पर निगमायुक्त को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। काजीपुरा निवासी निसार खान ने आवेदन दिया कि उसके प्लाट पर कब्जा करने के उद्देश्य से उसके पड़ोसी द्वारा निर्माण किया गया है।

नईदुनिया 3-11-2021

## मिठाई और सेंव के नमूने लिए



आलोट में रसगुल्ले के डिब्बे की जांच करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा।

रतलाम। कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण व गुणवत्ता स्तर की जांच के लिए खाद्य पदार्थ के नमूने लिए जा रहे हैं। लगातार विभाग के अधिकारियों द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य संस्थानों का निरीक्षण किया जा रहा है। त्योहारी सीजन में आमजनों को गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन लगातार निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा ने बताया कि मंगलवार को विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए राज सेलिब्रेशन से रसगुल्ला, मनोहरलाल खत्री आलोट से मिठाई, बीकानेर स्वीटस आलोट से मलाई बर्फी, बालाजी स्वीट्स व नमकीन आलोट से सेंव के नमूने लिए गए। जब्त नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा, जहां से रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रेमकुमार अहिरवार और राजस्व निरीक्षक घनश्याम लौहार भी साथ थे। जमरा ने बताया कि इसके साथ ही अन्य खाद्य संस्थानों का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने और एक्सपायरी सामान नहीं बेचने के निर्देश दिए गए।

नईदुनिया 3-11-21

## पटाखा दुकान पर जांच के लिए सैंपल लेने पहुंचे अधिकारी

रतलाम। पटाखों को लेकर सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के गाइडलाइन क्या अनुसार दीपावली के त्यौहार पर रतलाम शहर में केवल ग्रीन पटाखे छोड़ने की अनुमति रहेगी। जिसे लेकर प्रशासन के अधिकारियों ने पटाखा विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया है। पटाखा दुकानों पर से पटाखों के सैंपल भी लिए गए हैं जिन्हें उज्जैन स्थित लैब भेज कर उनमें उपयोग किए गए केमिकल की जांच की जाएगी। रतलाम के विधायक सभागृह और हनुमान ताल स्थित पटाखा दुकानों से प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण सैंपल एकत्रित किए है। शहर में भी इस गाइडलाइन के अनुसार मंगलवार को प्रशासन की सख्ती पटाखा दुकानों पर दिखाई दी। जहां शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत और तहसीलदार गोपाल सोनी ने पटाखा दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों को केवल ग्रीन पटाखे ही बेचने की हिदायत दी है। प्रशासनिक अधिकारियों ने दुकानों से जांच के लिए पटाखों के सैंपल भी एकत्रित करवाए हैं।

3-11-2021

पहले पर्व • धनतेरस पर नहीं हुआ वैक्सीनेशन, आज होगा, लोगों का रुझान तय करेगा दीपावली पर वैक्सीनेशन केंद्र लगेगा या नहीं

# अस्पताल में सिर्फ गंभीर मरीज ही भर्ती, ओपीडी भी हुई आधी

भास्कर संवाददाता | जावरा

दीपावली पर्व अपनों के साथ मनाने की ललक में अस्पताल में भर्ती मरीजों ने कुछ दिनों की छुट्टी ली है। इस कारण वहां सिर्फ गंभीर बीमार ही बचे हैं। बीते दो दिन में यहां ओपीडी और भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या आम दिनों के मुकाबले आधी से कम हो गई। मंगलवार से धनतेरस के साथ दीपोत्सव की शुरुआत हो गई है। ओपीडी 250 से 300 रही जबकि सामान्य दिनों में 450 के आसपास रहती है। अस्पताल के वार्डों में बेड खाली हो रहे हैं। मौसम बदलने व त्योहार आते ही अस्पताल में ओपीडी का ग्राफ गिरने लगा है। रुटीन में यहां सुबह के समय सिविल अस्पताल में मरीजों की कतार लगती हैं। दो से तीन डॉक्टर ड्यूटी देते थे। सर्दी-खांसी व बुखार के चलते अस्पताल के वार्ड में बेड फुल चल रहे थे, लेकिन अब त्योहार के चलते ओपीडी में आधे लोग ही आ रहे हैं और ज्यादातर घर पर रहकर ही दवा ले रहे हैं। सिर्फ इमरजेंसी होने पर ही अस्पताल का रुख कर रहे हैं। इससे अस्पताल में जहां चहल-पहल रहती थी वो अब कम होती जा रही है। वार्ड 1 को देखें तो सिर्फ एक ही व्यक्ति भर्ती है और बाकी सारे वार्ड खाली पड़े हैं। बुधवार को ओपीडी में लोग चेकअप के लिए तो आए लेकिन भर्ती होने वाले कम ही थे, जो भर्ती है वो सिर्फ गंभीर मरीज ही बचे हैं।

## त्योहार परिवार संग मनाने की ललक, इमरजेंसी में ही अस्पताल का रुख कर रहे हैं, वार्डों में इक्का-दुक्का मरीज ही



अस्पताल के वार्ड 1 में ज्यादातर बेड खाली पड़े हैं।

### मरीज दवा-गोली लेकर हुए रवाना

दीपावली जैसे पर्वों में अधिकांश स्टाफ छुट्टी पर रहता है। ऐसे में मरीज के परिजन देखरेख न होने की आशंका पर स्वेच्छा से डिस्चार्ज कराते हैं। यूं तो सामान्य दिनों में लोग भर्ती होने की इच्छा रखते हैं। डॉक्टर से भर्ती करने की बात कही जाती है, लेकिन इसके उलट मरीज भर्ती होने के बजाय दवा-गोली लेकर घर रवाना हो रहे हैं। त्योहार अभी शुरू हुआ है और 5-7 दिन तक यही माहौल सिविल अस्पताल में रह े की संभावना है।

### आज होगा वैक्सीनेशन

वैक्सीनेशन में दूसरे डोज की पेंडेंसी बढ़ती जा रही है। 23 हजार लोग वेटिंग में है। मंगलवार को धनतेरस का अवकाश रहा। स्वास्थ्यकर्मियों ने दीपावली को लेकर खरीदी की लेकिन बुधवार को वैक्सीनेशन कैंप लगेगा। लोगों को फोन पर संपर्क कर वैक्सीन लगवाने की अपील की जाएगी। लोगों के रुझान के आधार पर तय होगा कि दीपावली पर वैक्सीनेशन होगा कि नहीं। अभी की स्थिति देखें तो लोग त्योहार मनाने में मशगूल है। ऐसे में केंद्र पर कम लोग ही पहुंच रहे हैं।

# 30 घरों में मिला लार्वा, बेकार टायर व कंटनेर में सबसे ज्यादा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

3-11-21

दीपोत्सव की शुरुआत हो चुकी है। अभी भी लार्वा मिलने का सिलसिला जारी है। जबकि आमतौर पर दीपावली के पहले घर-दुकानों की अच्छी तरह साफ-सफाई कर देते हैं। धनतेरस के दिन शहर में लार्वा सर्वे किया, 30 घरों में लार्वा मिला। खास ये है सबसे ज्यादा घरों और दुकानों के बाहर पड़े बेकार टायर व कंटेनर में मिला।

शहर में डेंगू बेकाबू बना हुआ है। 420 से ज्यादा मामले सामने आ चुके है, वहीं, मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को वार्ड नं. 5, 28, 17 और 22 में सफाई की गई, इसमें 383 मकानों में सर्वे किया, इसमें 30 मकानों में डेंगू का लार्वा मिला है। 7 बेकार पड़े टायर और बाकी कंटेनरों में लार्वा मिला। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने लोगों से अपील है कि घरों में और आसपास पानी जमा ना होने दें।

# सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को धमकाया

रतलाम। नगर निगम में एक कर्मचारी द्वारा मध्यप्रदेश सफाई कर्मचारी संघ (इंटक यूनियन) के पदाधिकारियों को धमकाने का मामला सामने आया है। एक पदाधिकारी ने स्टेशन रोड थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार संगठन के नगराध्यक्ष विजय खरे ने शिकायत की है कि वे व यूनियन के अन्य पदाधिकारी कमल सिंधे, अशोक हाड़े, संजय पैमाल नगर निगम की लेखा शाखा विभाग में लेखापाल विजय बालोदरा से मिलने गए थे। वे कर्मचारियों के वेतन आहरण के संबंध में चर्चा कर रहे थे। तभी आरोपित अनिल उर्फ अन्नू आया व कहने लगा हमारा वेतन नहीं निकाल रहे हो। जब उससे कहा कि लेखाधिकारी से चर्चा की है, कल तक वेतन निकल जाएगा। तभी उसने अभद्र व्यवहार करते हुए कहा कि पदाधिकारी कुछ नहीं करते, कल तक वेतन नहीं निकला तो जान से मार दूंगा। अनिल के खिलाफ केस दर्ज किया है।

नई दुनिया 3-11-21

नई दुनिया
3-11-2021

# निगम कार्यालय में विवाद

रतलाम ● रतलाम नगर निगम कार्यालय में आरोपी अनिल उर्फ अन्ना पिता स्व. भेरूलाल रानवे निवासी सलावटों का वास ने शराब के नशे में आकर वेतन नहीं निकालने की बात को लेकर विजय पिता कालू खरे निवासी हिम्मत विहार को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने धारा 294,506 भादंवि के तहत प्रकरण दर्ज किया। प्रदेश टुडे 3-11-21

**नशे में दरोगा से कर्मचारी ने की बदतमिजी**

# निगम कर्मचारी ने वेतन भुगतान को लेकर किया विवाद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 3-11-21

रतलाम. निगम के कर्मचारी ने नशे में वेतन को लेकर दरोगा और मप्र सफाई कर्मचारी संघ इंटर यूनियन के नगर अध्यक्ष विजय खरे के साथ निगम परिसर में ही बदतमिजी कर दी। आरोपी ने दरोगा से कहा कि वेतन क्यों नहीं निकाल रहा है।

हिम्मत विहार कालोनी निवासी विजय खरे ने बताया कि वह मप्र सफाई कर्मचारी संघ इंटर यूनियन का नगर अध्यक्ष है। 1 नवंबर को वह यूनियन के अन्य पदाधिकारियों कमल शिंदे, अशोक हाडे, संजय पेमाल कर्मचारियों के वेतन भुगतान के संबंध में निगम की लेखा शाखा के लेखापाल विजय बालोदरा से मिलने गए थे। सभी लोग चर्चा कर रहे थे कि दिन करीब साढ़े 11 बजे नगर निगम में कार्यरत अनिल उर्फ अन्ना पिता स्व. भेरुलाल रानवे निवासी सिलावटो का वास शराब के नशे में आया और बोला कि हमारा वेतन नहीं निकाल रहे हो। मैने व पदाधिकारीगण ने बताया कि अभी वेतन निकालने के संबंध मे लेखाधिकारी से चर्चा हो गई है। कल तक वेतन निकल जाएगा। इसी बात को लेकर अनिल यूनियन के पदाधिकारियों को को गाली गलौच शुरू कर दी। पुलिस ने शराबी कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पत्रिका
3-11-2021

# सफाईकर्मी ने वेतन नहीं मिलने पर जान से मारने की धमकी दी

## यूनियन पदाधिकारियों व लेखा अधिकारी से गालीगलौज

भास्कर संवाददाता | रतलाम
3-11-21

वेतन की बात पर सफाई कर्मचारी ने नगर निगम में यूनियन के पदाधिकारियों और लेखाधिकारी से गालीगलौज की। यूनियन के पदाधिकारियों ने स्टेशन रोड थाने आकर सफाईकर्मी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

मप्र सफाई कर्मचारी संघ इंटर यूनियन अध्यक्ष विजय पिता कालू खरे ने पुलिस को बताया सोमवार को यूनियन पदाधिकारी कमल सिंधे, अशोक हाड़े, संजय पेमाल के साथ वेतन भुगतान के संबंध में लेखा शाखा के अकाउंटेंट विजय बालोदरा से मिलने गए थे। उनसे बातचीत कर रहे थे तभी शराब के नशे में आए सफाई कर्मचारी अनिल उर्फ अन्ना रानवे ने वेतन नहीं देने की बात पर गालीगलौज शुरू कर दी। उसे बताया लेखाधिकारी बालोदरा साहब से चर्चा हो गई है। वेतन मंगलवार को मिल जाएगा। इसके बाद भी अनिल ने वेतन नहीं मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद कमल भाटी, राम कल्याणे, अमर चौहान और यूनियन के पदाधिकारियों के साथ स्टेशन रोड थाने आकर विजय खरे ने रिपोर्ट दर्ज करवाई।

दै. भास्कर
3-11-2021

**लोकार्पण** | कांवेंट स्कूल तिराहा से दो बत्ती चौराहा, डाट की पुल सिटी फोरलेन सेंट्रल लाइटिंग

# शहर में बनेगी 170 किमी सड़कें और 20 किमी लंबा रहेगा फोरलेन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। विधायक चेतन्य काश्यप ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शहरवासियों को कांवेंट स्कूल तिराहा से दो बत्ती चौराहा डाट की पुल के फोरलेन व सेंट्रल लाइटिंग का लोकार्पण कर सौगात दी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि सीवरेज व अन्य कार्यों से क्षतिग्रस्त शहर की सड़कों के नवनिर्माण का रोड मेप बन गया है। इसमें शहर 170 किमी सड़कें बनना प्रस्तावित है। 20 किलोमीटर सड़कों का निर्माण फोरलेन के रूप में होगा। इस वर्ष शहर की सड़कों के लिए 20 करोड़ के टेंडर जारी किए गए हैं।

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के रतलाम प्रवास के दौरान फरवरी माह में 120 करोड़ की योजना बनाकर सड़कों के प्रस्ताव रखे गए हैं। इसके तहत निरंतर सड़कों का कार्य होगा। आज दो बत्ती चौराहा पर सिटी फोरलेन और सेंट्रल लाइटिंग का लोकार्पण प्रतीकात्मक है।



कांवेंट स्कूल तिराहा से दो बत्ती चौराहा, डाट की पुल सिटी फोरलेन सेंट्रल लाइटिंग का लोकार्पण करते विधायक चेतन्य काश्यप।

इस तरह की सड़कों से हम पूरे रतलाम को बदलेंगे। शहर में सैलाना रोड, महू रोड, पावर हाउस रोड, मित्र निवास रोड, बाजना रोड पर फोरलेन बने हैं। नगर अब जल्द ही महानगर बनेगा। काश्यप ने रतलाम निवेश क्षेत्र की स्वीकृति और शहर विकास के लिए किए गए विभिन्न कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकास के लिए जिन आधारभूत संरचनाओं की जरूरत होती है, वे सभी रतलाम में विकसित की जा रही है।

अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा ने कहा कि सीवरेज से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। अब जल्द ही शहर की सड़कें सुधर जाएगी। विधायक काश्यप के प्रयासों से रतलाम जल्द ही नगर से महानगर बनेगा। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने भी संबोधित किया। आरंभ में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत भाषण देते हुए नगर निगम द्वारा सड़क निर्माण के विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत सहायक आयुक्त विकास इंजीनियर मोहम्मद हनीफ शेख, जीके जायसवाल, श्याम सोनी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, एमके जैन, अधीक्षक रामचंद्र शर्मा, सुभाष गोयल आदि ने किया। इस अवसर पर निर्मल कटारिया, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला मीडिया प्रभारी अरुण राव, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, नीलेश गांधी, मयूर पुरोहित, कृष्ण कुमार सोनी, करणधीर्य बड़गोत्या, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इब्राहिम शेरानी, जिला मीडिया सहप्रभारी अरुण त्रिपाठी आदि मंचासीन रहे। संचालन मंगल लोढ़ा ने किया। आभार सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास ने माना।

### रहवासियों ने किया काश्यप का अभिनंदन

लोकार्पण कार्यक्रम में बैंक कालोनी वार्ड क्रमांक-34 के रहवासियों ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया। क्षेत्रवासी अशोक जैन, ओम अग्रवाल, फकरी भाई, सलीम आरिफ, चंद्रकांत मांडोत, मुस्तफा स्टेशन वाला, हेमंत शाह, मुकेश जैन, मांगीलाल जैन, आशीष जैन, दीपक पंथ, रियाज हुसैन, विशाल जोशी आदि मौजूद रहे।

नई दुनिया
3/11/2021

## कॉन्वेन्ट स्कूल तिराहा से दो बत्ती चौराहा, डाट की पुल सिटी फोरलेन सेन्ट्रल लाईटिंग का लोकार्पण

# में बनेगी 170 किमी सड़कें व 20 किमी फोरलेन : काश्यप

लाम

प्रदेश स्थापना
ों को कॉन्वेन्ट
डाट की पुल के
लोकार्पण कर
कहा कि सीवरेज एवं
ी सड़कों के
है। इसमें शहर 170
जिसमें 20 किलो
न के रूप में होगा।
र 20 करोड़ के टेंडर

बताया कि मुख्यमंत्री
के दौरान फरवरी माह में
ों के प्रस्ताव रखें गए है।



इसके तहत निरंतर सड़कों का कार्य होगा। आज दो बत्ती चौराहा पर सिटी फोरलेन और सेन्ट्रल लाईटिंग का लोकार्पण प्रतिकात्मक है। इस तरह की सड़कों से हम पूरे रतलाम को बदलेंगे। शहर में सैलाना रोड, महू रोड, पावर हाउस रोड, मित्र निवास रोड, बाजना रोड पर फोरलेन बने है। नगर अब जल्द ही महानगर बनेगा। श्री काश्यप ने रतलाम निवेश क्षेत्र की स्वीकृति और शहर विकास के लिए किए गएं विभिन्न कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकास के लिए जिन आधारभूत संरचनाओं की जरूरत होती है, वे सभी रतलाम में विकसित की जा रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने कहा कि सीवरेज से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। अब जल्द ही शहर की सड़कें सुधर जाएगी। विधायक श्री काश्यप के प्रयासों से रतलाम जल्द ही नगर से महानगर बनेगा। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित एवं पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने भी सम्बोधित किया। आरंभ में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत भाषण देते हुए नगर निगम द्वारा सड़क निर्माण के विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत सहायक आयुक्त विकास इंजीनियर मो. हनीफ शेख, जीके जायसवाल, श्याम सोनी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, एमके जैन, अधीक्षक रामचंद्र शर्मा एवं सुभाष गोयल आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन मंगल लोढा ने किया। आभार सिटी इंजीनियर सुरेशचन्द्र व्यास ने माना। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, जिला मंत्री सोना शर्मा, मण्डल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, मयुर पुरोहित, कृष्ण कुमार सोनी, करण धीर्य बड़गोत्या, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इब्राहिम शैरानी, जिला मीडिया सहप्रभारी अरूण त्रिपाठी आदि मंचासीन रहे।

## वार्ड क्रमांक-34 के रहवासियों द्वारा काश्यप का अभिनंदन

लोकार्पण कार्यक्रम में बैंक कालोनी वार्ड क्रमांक-34 के रहवासियों ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया। क्षेत्रवासी अशोक जैन, ओम अग्रवाल, फकरी भाई, सलीम आरिफ, चन्द्रकांत माण्डोत, मुस्तफा स्टेशन वाला, हेमंत शाह, मुकेश जैन, मांगीलाल जैन, आशीष जैन, दीपक पंथ, रियाज हुसैन, विशाल जोशी आदि मौजूद रहे।

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया

## विधायक काश्यप द्वारा एक जिला एक उत्पाद के तहत नमकीन की चार इकाईयों का शुभारम्भ

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

3-11-21

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवम्बर के अवसर पर रतलाम में गुलाब चक्कर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। विधायक श्री चेतन्य काश्यप द्वारा एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत विभिन्न इकाईयों का भूमिपूजन एवं शुभारम्भ किया गया। नमकीन क्लस्टर के तहत चार इकाईयों का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, राजेन्द्रसिंह लूनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकइन्द्रजीत बाकलवार, जिला अधिकारीगण, शैलेन्द्र डागा, निर्मल कटारिया आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के लाइव उदबोधन को देखा व सुना गया।



कार्यक्रम में आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कलाकारों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत गाने प्रस्तुत किए गए। स्कूली विद्यार्थियों, बालिकाओं ने मालवी, बुन्देली आधारित सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। मप्र स्थापना दिवस के अवसर पर विधायक काश्यप ने एक जिला एक उत्पाद योजना अन्तर्गत रतलामी नमकीन की चार इकाईयों का शुभारम्भ किया। साथ ही मेसर्स एस.के. फुड्स के नाम से वेबसाईट का भी शुभारम्भ किया। रतलामी नमकीन की जिन चार इकाईयों का शुभारम्भ हुआ उनमें 200 लाख रुपए पूंजी निवेश से मेसर्स एस.के. फुड्स, 125 लाख पूंजी निवेश से मेससं हिन्दुस्तान नेचरल प्रोडक्स, 100 लाख पूंजी निवेश से मेसर्स खण्डेलवाल नमकीन तथा 25 लाख रुपए पूंजी निवेश से मेसर्स डायमण्ड ग्रुप आफ नमकीन मेन्युफेक्चरिंग एण्ड पैकेजिंग इंडस्ट्रीज सम्मिलित हैं। चारों उद्योगों में कुल 450 लाख रुपए की लागत सम्मिलित है जिसमें 105 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत चयनित लहसुन की फसल पर आधारित 109.69 लाख रुपए लागत की इकाईयों का भूमिपूजन तथा 71.28 लाख रुपए लागत की प्रसंस्करण इकाईयों का शुभारम्भ किया गया। जिन इकाईयों का शुभारम्भ हुआ उनमें विकासखण्ड पिपलौदा के ग्राम कालूखेड़ा की रियावन प्रोडक्ट, विकासखण्ड जावरा के ग्राम रोला की पाटीदार इंटरप्राईजेस शामिल हैं। जिन इकाईयों का भूमिपूजन किया गया, उनमें विकासखण्ड पिपलौदा के ग्राम बोरखेड़ा की केसरीनन्दन इंटरप्राईजेस, ग्राम तालोद के श्री बालाजी एग्रो फूड तथा विकासखण्ड जावरा के ग्राम तिलगारी की ऐवन गार्लिक इकाई सम्मिलित है।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए विधायक चेतन्य काश्यंप ने कहा कि विगत वर्षों में म.प्र. को ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने लगातार कार्य किया है। आमजन की भलाई के लिए नई योजनाएं लागू की जाती रही हैं। रतलाम का किसान उन्नतिशील है। अब एक जिला एक उत्पाद योजना में चयनित लहसुन फसल पर आधारित प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना से जिले के कृषि क्षेत्र में नई क्रांति आएगी। रतलामी नमकीन इकाईयों की स्थापना होने से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार की राह प्रशस्त हुई है। जी.आई. टेग मिलने से रतलामी नमकीन उद्योग को वृहद ऊंचाईयां मिलेगी।

श्री काश्यप ने कहा कि मध्यप्रदेश में आत्मनिर्भर मप्र के साथ-साथ विकास की सम्पूर्ण अवधारणाओं की पूर्ति की जा रही है। वर्तमान माहौल में रतलाम जिला ऊंचाइयों की ओर बढ रहा है। साथ ही रतलाम का युवा देश, दुनिया में रतलाम का नाम रोशन करने के लिए अग्रसर है। कार्यक्रम में रतलाम के ख्यात कलाकार जितेन्द्र चौहान, श्रीमती संगीता जैन, जितेन्द्र नारायण, राजेश शर्मा आदि ने देशभक्ति पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी। रतलाम पब्लिक स्कूल की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गई। शासकीय नवीन कन्या उ.मा.वि. की छात्राओं ने मालवी लोक संस्कृति से ओत-प्रोत नृत्य प्रस्तुत किया।

लक्ष्मीबाई कन्या उ.मा.वि. की छात्राओं ने आदिवासी लोक नृत्य प्रस्तुत किया। सांई श्री इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने महुआ नृत्य गीत प्रस्तुत किया। इसी प्रकार उत्कृष्ट उ.मा.वि. की छात्राओं द्वारा प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र की राई शेरा नृत्य शैली प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर नवीन कन्या उ.मा.वि. की प्राचार्य श्रीमती ममता अग्रवाल, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य सुभाष कुमावत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया।

प्रसारण

3-11-2021

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों ने दीं प्रस्तुतियां



रतलाम | मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर गुलाब चक्कर में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इसमें सभी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। यहां हुए कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देते हुए विद्यार्थी। भास्कर

दै० भास्कर 3/11/2021

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

रतलाम ● स्वदेश समाचार 3-11-21

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर गुलाब चक्कर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कलाकारों द्वारा देश भक्ति से ओत-प्रोत गाने प्रस्तुत किए गए। स्कूली विद्यार्थियों, बालिकाओं ने मालवी, बुन्देली आधारित सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत विभिन्न इकाइयों का भूमिपूजन एवं शुभारम्भ किया गया। नमकीन क्लस्टर के तहत चार इकाइयों का शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम में रतलाम के ख्यात कलाकार जितेन्द्र चौहान, श्रीमती संगीता जैन, जितेन्द्र नारायण, राजेश शर्मा आदि ने देशभक्ति पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी। रतलाम पब्लिक स्कूल की छात्राओं द्वारा सरस्वती



वन्दना प्रस्तुत की गई। शासकीय नवीन कन्या उ.मा.वि. की छात्राओं ने मालवी लोक संस्कृति से ओत-प्रोत नृत्य प्रस्तुत किया। लक्ष्मीबाई कन्या उ.मा.वि. की छात्राओं ने आदिवासी लोक नृत्य प्रस्तुत किया। सांई श्री इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने महुआ नृत्य गीत प्रस्तुत किया। इसी प्रकार उत्कृष्ट उ.मा.वि. की छात्राओं द्वारा प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र की राई शेरा नृत्य शैली प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, प्राचार्य, शिक्षक एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

स्वदेश

3/11/2021

## 4065 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को 114 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस तरह अब तक 4065 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है। नईदुनिया

नई दुनिया
3-11-2021

कॉन्वेन्ट स्कूल तिराहा से दो बत्ती चौराहा, डाट की पुल सिटी फोरलेन सेन्ट्रल लाईटिंग का लोकार्पण

# रतलाम में बनेगी 170 किमी सड़कें व 20 किमी फोरलेन : विधायक

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 3/11/21

विधायक चेतन्य काश्यप ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शहरवासियों को कॉन्वेन्ट स्कूल तिराहा से दो बत्ती चौराहा डाट की पुल के फोरलेन एवं सेन्ट्रल लाईटिंग का लोकार्पण कर सौगात दी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि सीवरेज एवं अन्य कार्यों से क्षतिग्रस्त शहर की सड़कों के नवनिर्माण का रोड मेप बन गया है। इसमें शहर 170 किमी सड़कें बनना प्रस्तावित है, जिसमें 20 किलोमीटर सड़कों का निर्माण फोरलेन के रूप में होगा। इस वर्ष शहर की स?कों के लिए 20 करोड़ के टेंडर जारी किए गए है। विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के रतलाम प्रवास के दौरान फरवरी माह में 120 करोड़ की योजना बनाकर स?कों के प्रस्ताव रखें गए है। इसके तहत निरंतर सड़कों का कार्य होगा। आज दो बत्ती चौराहा पर सिटी फोरलेन और सेन्ट्रल लाईटिंग का लोकार्पण प्रतिकात्मक है। इस तरह की सड़कों से हम पूरे रतलाम को बदलेंगे। शहर में सैलाना रोड, महू रोड, पावर हाउस रोड, मित्र निवास रोड, बाजना रोड पर फोरलेन बने है। नगर अब जल्द ही महानगर बनेगा। श्री काश्यप ने रतलाम निवेश क्षेत्र की स्वीकृति और शहर विकास के लिए किए गए विभिन्न कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकास के लिए जिन आधारभूत संरचनाओं की जरूरत होती है, वे सभी रतलाम में विकसित की जा रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने कहा कि सीवरेज से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। अब जल्द ही शहर की सड़कें सुधर जाएगी। विधायक श्री काश्यप के प्रयासों से रतलाम जल्द ही नगर से महानगर बनेगा। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित एवं पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने भी सम्बोधित किया।

आरंभ में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत भाषण देते हुए नगर निगम द्वारा सड़क निर्माण के विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत सहायक आयुक्त विकास इंजीनियर मो. हनीफ शेख, जीके जायसवाल, श्याम सोनी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, एमके जैन, अधीक्षक रामचंद्र शर्मा एवं सुभाष गोयल आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन मंगल लोढा ने किया। आभार सिटी इंजीनियर सुरेशचन्द्र व्यास ने माना। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, ज़िला मंत्री सोना शर्मा, मण्डल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, मयुर पुरोहित, कृष्ण कुमार सोनी, करण धीर्य बड़गोत्या, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इब्राहिम शैरानी, जिला मीडिया सहप्रभारी अरूण त्रिपाठी आदि मंचासीन रहे।

राज एक्सप्रेस
3-11-2021

**कॉन्वेन्ट स्कूल तिराहा से दो बत्ती चौराहा, डाट की पुल सिटी फोरलेन सेन्ट्रल लाईटिंग का लोकार्पण**

# रतलाम में बनेगी 170 किमी सड़कें व 20 किमी फोरलेन : क

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

3-11-21

*विधायक चेतन्य काश्यप ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शहरवासियों को कॉन्वेन्ट स्कूल तिराहा से दो बत्ती चौराहा डाट की पुल के फोरलेन एवं सेन्ट्रल लाईटिंग का लोकार्पण कर सौगात दी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि सीवरेज एवं अन्य कार्यों से क्षतिग्रस्त शहर की सड़कों के नवनिर्माण का रोड़ मेप बन गया है। इसमें शहर 170 किमी सड़कें बनना प्रस्तावित है, जिसमें 20 किलो मीटर सड़कों का निर्माण फोरलेन के रूप में होगा। इस वर्ष शहर की सड़कों के लिए 20 करोड़ के टेंडर जारी किए गए हैं।*



विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के रतलाम प्रवास के दौरान फरवरी माह में 120 करोड़ की योजना बनाकर सड़कों के प्रस्ताव रखें गए है। इसके तहत निरंतर सड़कों का कार्य होगा। आज दो बत्ती चौराहा पर सिटी फोरलेन और सेन्ट्रल लाईटिंग का लोकार्पण प्रतिकात्मक है। इस तरह की सड़कों से हम पूरे रतलाम को बदलेंगे। शहर में सैलाना रोड, महू रोड, पावर हाउस रोड, मित्र निवास रोड, बाजना रोड पर फोरलेन बने है। नगर अब जल्द ही महानगर बनेगा। श्री काश्यप ने रतलाम निवेश क्षेत्र की स्वीकृति और शहर विकास के लिए किए गए विभिन्न कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकास के लिए जिन आधारभूत संरचनाओं की जरूरत होती है, वे सभी रतलाम में विकसित की जा रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने कहा कि सीवरेज से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। अब जल्द ही शहर की सड़कें सुधर जाएगी। विधायक श्री काश्यप के प्रयासों से रतलाम जल्द ही नगर से महानगर बनेगा। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित एवं पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने भी सम्बोधित किया। आरंभ में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत भाषण देते हुए नगर निगम द्वारा सड़क निर्माण के विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत सहायक आयुक्त विकास इंजीनियर मो. हनीफ शेख, जीके जायसवाल, श्याम सोनी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, एमके जैन, अधीक्षक रामचंद्र शर्मा एवं सुभाष गोयल आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन मंगल लोढ़ा ने किया। आभार सिटी इंजीनियर सुरेशचन्द्र व्यास ने माना। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, जिला मंत्री सोना शर्मा, मण्डल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, मयुर पुरोहित, कृष्ण कुमार सोनी, करण धीर्य बड़गोत्या, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इब्राहिम शैरानी, जिला मीडिया सहप्रभारी अरूण त्रिपाठी आदि मंचासीन रहे।

**वार्ड क्र**
**रहवासि**
**काश्यप**

लोकार्पण व
कालोनी वा
रहवासियों ने
काश्यप का
क्षेत्रवासी अ
अग्रवाल, फ
आरिफ, चन्
स्टेशन वाल
जैन, मांगील
दीपक पंथ, ि
जोशी आदि म

3/11/2021

# स्वच्छता सर्वेक्षण में ऐसे कैसे अव्वल आएगा रतलाम ?

रतलाम। शहर में जिस नगर निगम के भरोसे स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी चल रही है, उसकी कार्यशैली ऐसी है कि नतीजे ढाक के तीन पात अभी से दिखने लगे है। निगम के आला अधिकारी अपने अमले को रोज चेतावनियां दे रहे है। कुछ लोगों के खिलाफ वेतनवृद्धि रोकने, निलंबित करने और बर्खास्त करने जैसी कार्यवाहियां भी हो रही है, लेकिन अमले और अफसरों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। दीपावली के त्यौहार पर भी शहर के कई हिस्सों में गंदगी नजर आई। दरअसल सफलता के लिए जिस एकजुटता,समर्पण और टीम भावना की जरूरत होती है, उसका नगर निगम में पूरा अभाव है।

नगर निगम द्वारा जारी समाचारों पर नजर दौड़ाई जावे, तो स्पष्ट हो जाएगा कि निगम अधिकारियों ने हर दूसरे दिन अपने अमले को चेतावनियां जारी की है। अमले में इसके बाद भी सुधार नहीं आया। व्यवस्थित सफाई होना तो दूर की बात निगम अमला शहर के विभिन्न क्षेत्रों से नियमित रूप से कचरा संग्रहण भी नहीं कर पा रहा है। इसके लिए कई कारण गिनाए जाते है, जैसे कचरा संग्रहण वाहनों की खराबी, चालकों और सहायकों के नहीं आने और कई बार कचरे की अधिकता का बहाना भी बनाया जाता रहा है।

महापौर का कार्यकाल खत्म होने के बाद शासन ने प्रदेश के सभी नगर निगम की कमान प्रशासक के रूप में कलेक्टरों को सौंप दी, लेकिन कलेक्टर के पास पहले ही इतने काम होते है कि वे निगम जाकर सप्ताह में एक दिन जनसुनवाई के अलावा कोई काम नहीं कर पा रहे है। निगम का सारा कार्य उन्हें अपने कार्यालय से ही करना पड़ रहा है। इसके अलावा प्रशासक के रूप में कलेक्टर का जो जुड़ाव निगम अमले से होना चाहिए अथवा आयुक्त का भी जो व्यवहार अमले से होना चाहिए, उसकी रतलाम में काफी कमी नजर आ रही है। यही वजह है कि निगम के कर्मचारियों को आए दिन आंदोलन की राह पकड़ना पड़ रही है। हाल ही में निगम कर्मचारियों ने फिर आंदोलन की चेतावनी दी है। निगम कर्मचारी विधायक चेतन्य काश्यप से मिले और उन्हें भी अपनी समस्याओं से अवगत कराया है, लेकिन इससे निगम में कोई सुधार आने वाला नहीं है। निगम अधिकारी जब तक अमले को विश्वास में लेकर शहर को अव्वल लाने के लक्ष्य पर काम नहीं करेंगे। उन्हें सफलता मिलने वाली नहीं है।

### विधायक काश्यप की मदद जाएगी बेकार

रतलाम को स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल लाने के लिए नगर निगम को विधायक चेतन्य काश्यप ने मदद की है। उन्होंने सफाई के संसाधनों की व्यवस्था से लेकर अन्य सभी कार्यों के लिए पिछले महीनों एक बैठक कर निगम को सर्वेक्षण की श्रेणी अनुसार सारी तैयारियां करने के निर्देश दिए थे। विडंबना है कि निगम का अमला इनमें से कोई तैयारी नहीं कर पा रहा है। निगम के पास संसाधन पहले ही कम है और वे भी पूरी तरह साथ नहीं दे रहे है। इससे विधायक काश्यप ने जो मदद देने का प्रयास किया है, वह सफल नहीं हो पाएगा।

सा. उपग्रह

3-11-2021

सौगात

# सिटी फोरलेन पर हुआ सेंट्रल लाइटिंग का लोकार्पण



## फरवरी में दिया था रोड का प्रस्ताव, शुरू हो गया काम

पत्रिका 3-11-21

रतलाम @ पत्रिका. विधायक चेतन्य काश्यप ने शहरवासियों को कॉन्वेन्ट स्कूल तिराहा से दो बत्ती चौराहा डाट की पुल के फोरलेन एवं सेन्ट्रल लाईटिंग का लोकार्पण कर सौगात दी। इस दौरान विधायक ने कहा सीवरेज एवं अन्य कार्यों से क्षतिग्रस्त शहर की रोड के नवनिर्माण का रोड मेप बन गया है। इसमें शहर 170 किमी रोड बनना प्रस्तावित है, जिसमें 20 किलोमीटर रोड का निर्माण फोरलेन के रूप में होगा। शहर की रोड के लिए 20 करोड के टेंडर जारी किए गए हैं। फरवरी माह में मुख्यमंत्री के आने पर प्रस्ताव दिए गए थे।

### फरवरी में दिए थे प्रस्ताव

विधायक काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के फरवरी माह में शहर में आने के दौरान 120 करोड़ की योजना बनाकर रोड के प्रस्ताव रखें गए थे। इसके तहत अंतर्गत सभी रोड का कार्य होगा। दो बत्ती चौराहा पर सिटी फोरलेन और सेन्ट्रल लाईटिंग का लोकार्पण प्रतिकात्मक है। इस तरह की रोड से हम पूरे शहर को बदलेंगे। शहर में सैलाना रोड, महू रोड, पावर हाउस रोड, मित्र निवास रोड, बाजना रोड पर फोरलेन बने है। अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने कहा सीवरेज से क्षतिग्रस्त हुई रोड को बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। अब जल्द ही शहर की रोड सुधर जाएगी। पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित व पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने भी सम्बोधित किया। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत भाषण देते हुए नगर निगम द्वारा रोड निर्माण कार्यों की जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत निगम अधिकारियों ने किया। संचालन मंगल लोढा ने किया। आभार सिटी इंजीनियर सुरेशचन्द्र व्यास ने माना।

### किया अभिनंदन

बैंक कालोनी वार्ड 34 के रहवासियों ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया। क्षेत्रवासी अशोक जैन, ओम अग्रवाल, फकरी भाई, सलीम आरिफ, चन्द्रकांत माण्डोत, मुस्तफा स्टेशन वाला, हेमंत शाह, मुकेश जैन, मांगीलाल जैन, आशीष जैन, दीपक पंथ, रियाज हुसैन, विशाल जोशी आदि मौजूद रहे।

पत्रिका

3-11-2021

नगर निगम ने चलाया जागरुकता अभियान

# निगम आयुक्त ने कहा... जहां होती है स्वच्छता, वहां होता है देवत्व का वास

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 3-11-21




रतलाम. धार्मिक दृष्टिकोण से भी स्वच्छता का खासा महत्व है। जहां स्वच्छता है, वहीं देवत्व का वास होता है। अपने घर और आसपास के वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने की पौराणिक काल से चली आ रही इस परम्परा का न केवल धार्मिक, अपितु चिकित्सा विज्ञान की दृष्टि से भी विशेष महत्व है। ऐसे में इस दीपावली हर नागरिक संकल्प ले कि वे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपनी भागीदारी निभाए।

यह बात निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मंगलवार को दीपावली संकल्प जागरुकता अभियान के अंगर्तत आयोजित विभिन्न आयोजन में कही। इस मौके पर सफाई मित्र समूह ने शहर के एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर रांगोलियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश भी दिया। दीपावली संकल्प जागरुकता अभियान के तहत नगर निगम व सफाई मित्र समूह की टीम ने शहर के प्रमुख स्थानों पर लघु रैलियों का आयोजन कर सार्वजनिक स्थानों पर सात बिन्दुओं पर नागरिकों के साथ शपथ दिलाई साथ ही दीपावली उत्सव के को लेकर नागरिकों से संयम बरतते हुए कचरे का निपटान संग्रहण वाहनों में करने की भी अपील की है।

## स्वच्छता बीमारियों का सफाया करती

इस मौके पर आयुक्त झारिया ने कहा कि यह वह समय है जब बरसात का दौर लगभग थम चुका है और बारिश के बाद कई तरह के कीट पंतगे और जीवाणु पनपते है। बरसात का पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप भी बनता है। ऐसे में स्वच्छता बीमारियों का सफाया करती है। आयुक्त झारिया ने कहा कि चिकित्सक भी कहते है कि बरसात के बाद मलेरिया,डंगू,वायरल सहित सर्दी खाँसी के रोगियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। ऐसे में अस्वच्छता से हमे इफेक्शन, सर्दी आदि रोग हो जाते है। हमे स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखना चाहिए।

## आयुक्त ने की अपील

आयुक्त झारिया ने नागरिकों से आव्हान किया है कि दीपावली केवल एक दिन नही हर रोज मनाते हुए स्वयं के घर-प्रतिष्ठान में साफ-सफाई के साथ ही मोहल्ले, कालोनी आदि पर गंदगी न करे। कचरे का निपटान संग्रहण वाहन में ही करे पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प ले। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, झोन अधिकारी एपीसिंह, किरण चौहान, पर्वत हाडे, विनय चौहान सहित सफाई मित्र समूह के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

पत्रिका
3-11-2021

नईदुनिया
इंदौर, बुधवार 03 नवंबर, 2021

न्यूज गैलरी

## एक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया



रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को एक मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 41740, ट्रैक्टर-ट्राली से 15345, काम्पेक्टर सूखा कचरा 20095, काम्पेक्टर गीला कचरा 23775 कुल 100955 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नई दुनिया
3-11-2021

# रतलाम शहर में बनेंगी 170 किमी सड़कें, इसमें 20 किलोमीटर का फोरलेन रहेगा

## डाट की पुल सिटी फोरलेन सेंट्रल लाइटिंग का विधायक काश्यप ने किया लोकार्पण

भास्कर संवाददाता | रतलाम

3-11-21

दीपावली के पहले कॉन्वेंट स्कूल तिराहा से दो बत्ती चौराहा तक और वहां से डाट की पुल तक बनकर तैयार फोरलेन सड़क सेंट्रल लाइटिंग से जगमग है। सोमवार रात विधायक चेतन्य काश्यप ने इन कार्यों का लोकार्पण किया। समारोह में विधायक काश्यप ने कहा सीवरेज एवं अन्य कार्यों से क्षतिग्रस्त सड़कों के नवनिर्माण का रोड मैप तैयार है। इसमें 170 किमी सड़कें बनना है। इसमें 20 किलोमीटर सड़कों को फोरलेन के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए 20 करोड़ रुपए के टेंडर जारी हो गए हैं। फरवरी में 120 करोड़ की योजना बनाकर सड़कों के प्रस्ताव मुख्यमंत्री के सामने रखे थे। दो बत्ती चौराहा पर सिटी फोरलेन और सेंट्रल लाईटिंग का लोकार्पण प्रतीकात्मक है। इस तरह की सड़कों से हम पूरे शहर को बदलेंगे।



फोरलेन और सेंट्रल लाइटिंग का लोकार्पण करते विधायक काश्यप।

अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा ने की। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत इंजीनियर मो. हनीफ शेख, श्याम सोनी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, एमके जैन ने किया। जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, मनोहर पोरवाल, अशोक पोरवाल, मनोज शर्मा, अरुण राव, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, नीलेश गांधी, मयूर पुरोहित, कृष्ण कुमार सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इब्राहिम शेरानी, अरुण त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। संचालन मंगल लोढ़ा ने किया। आभार सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास ने माना।

### वार्ड 34 के रहवासियों ने विधायक का सम्मान किया

लोकार्पण कार्यक्रम में बैंक कालोनी वार्ड 34 के रहवासियों ने विधायक काश्यप का अभिनंदन किया। इनमें अशोक जैन, ओम अग्रवाल, फकरी भाई, सलीम आरिफ, चंद्रकांत मांडोत, मुस्तफा स्टेशन वाला, हेमंत शाह, मुकेश जैन, मांगीलाल जैन, आशीष जैन, दीपक पंथ, रियाज हुसैन, विशाल जोशी आदि मौजूद रहे।

दै. भास्कर
3-11-2021

# रतलाम में बनेगी 170 किमी सड़कें व 20 किमी फोरलेन : विधायक चेतन्य काश्यप

## कॉन्वेन्ट स्कूल तिराहा से दो बत्ती चौराहा, डाट की पुल सिटी फोरलेन सेन्ट्रल लाईटिंग का लोकार्पण



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸रतलाम

3/11/21

। विधायक चेतन्य काश्यप ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शहरवासियों को कॉन्वेन्ट स्कूल तिराहा से दो बत्ती चौराहा डाट की पुल के फोरलेन एवं सेन्ट्रल लाईटिंग का लोकार्पण कर सौगात दी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि सीवरेज एवं अन्य कार्यों से क्षतिग्रस्त शहर की सड़कों के नवनिर्माण का रोड मेप बन गया है। इसमें शहर 170 किमी सड़कें बनना प्रस्तावित है, जिसमें 20 किलोमीटर सड़कों का निर्माण फोरलेन के रूप में होगा। इस वर्ष शहर की सड़कों के लिए 20 करोड़ के टेंडर जारी किए गए है।

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के रतलाम प्रवास के दौरान फरवरी माह में 120 करोड़ की योजना बनाकर सड़कों के प्रस्ताव रखें गए है। इसके तहत निरंतर सड़कों का कार्य होगा। आज दो बत्ती चौराहा पर सिटी फोरलेन और सेन्ट्रल लाईटिंग का लोकार्पण प्रतिकात्मक है। इस तरह की सड़कों से हम पूरे रतलाम को बदलेंगे। शहर में सैलाना रोड, महू रोड, पावर हाउस रोड, मित्र निवास रोड, बाजना रोड पर फोरलेन बने है। नगर अब जल्द ही महानगर बनेगा। श्री काश्यप ने रतलाम निवेश क्षेत्र की स्वीकृति और शहर विकास के लिए किए गए विभिन्न कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकास के लिए जिन आधारभूत संरचनाओं की जरूरत होती है, वे सभी रतलाम में विकसित की जा रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने कहा कि सीवरेज से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। अब जल्द ही शहर की सड़कें सुधर जाएगी। विधायक श्री काश्यप के प्रयासों से रतलाम जल्द ही नगर से महानगर बनेगा। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित एवं पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने भी सम्बोधित किया। आरंभ में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत भाषण देते हुए नगर निगम द्वारा सड़क निर्माण के विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत सहायक आयुक्त विकास इंजीनियर मो. हनीफ शेख, जीके जायसवाल,श्याम सोनी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, एमके जैन, अधीक्षक रामचंद्र शर्मा एवं सुभाष गोयल आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन मंगल लोढा ने किया। आभार सिटी इंजीनियर सुरेशचन्द्र व्यास ने माना। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, जिला मंत्री सोना शर्मा, मण्डल अध्यक्ष आदित्य डागा, निलेश गांधी, मयुर पुरोहित, कृष्ण कुमार सोनी, करण धीर्य बडगोत्या, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इब्राहिम शैरानी, जिला मीडिया सहप्रभारी अरूण त्रिपाठी आदि मंचासीन रहे।

### वार्ड क्रमांक-34 के रहवासियों द्वारा काश्यप का अभिनंदन

लोकार्पण कार्यक्रम में बैंक कालोनी वार्ड क्रमांक-34 के रहवासियों ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया। क्षेत्रवासी अशोक जैन, ओम अग्रवाल, फकरी भाई, सलीम आरिफ, चन्द्रकांत मांण्डोत, मुस्तफा स्टेशन वाला, हेमंत शाह, मुकेश जैन, मांगीलाल जैन, आशीष जैन, दीपक पंथ, रियाज हुसैन, विशाल जोशी मौजूद रहे।

दै. अवन्तिका

3-11-2021

तीन फोटो से समझे नए रतलाम के लिए स्वच्छता क्यों है जरूरी

# साफ शहर में निभाना होगी सभी को जिम्मेदारी

पत्रिका ऑन द स्पॉट

3-11-21

रतलाम @ पत्रिका. शहर का नया रतलाम बनाने के लिए कई योजनाओं पर काम चल रहा है। औद्योगिक निवेश क्षेत्र से लेकर टेक्सटाइल्स हब के अलावा लॉजिस्टिक हब बनाने के काम चल रहा है। श्री महालक्ष्मी के बारे में पुराणों में लिखा गया है कि इनका वास वहां होता है जहां पर्याप्त स्वच्छता रहती है। नगर निगम के कर्मचारी सुबह 5 बजे से लेकर देर रात्रि की भी सफाई अभियान चलाए हुए है, लेकिन नया रतलाम बनाना है तो शहर में स्वच्छता अभियान से प्रत्येक व्यक्ति का जुड़ाव होना जरूरी है। इसकी कमी अब तक है व इसको तीन फोटो से समझा जा सकता है।

## शहर की सड़क की होती विशेष सफाई



शहर की रोड पर सुबह से लेकर रात तक नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के 900 से अधिक कर्मचारी कम संसाधन के बाद भी सफाई कार्य में लग जाते हैं। इनकी सफाई की मेहनत को कुछ लोग सड़क पर कचरा डालकर खराब कर देते हैं।

## सफाई के लिए मैजिक पर हो रहा व्यय



शहर में 65 मैजिक वाहन के माध्यम से कचरा संग्रहण का काम होता है। कई क्षेत्र में इस वाहन के जाने के बाद सड़क पर घर से लेकर दुकान से कचरा डाला जाता है। ऐसे में दिनभर कचरा उड़ता रहता है।

## इन पर जुर्माना लगाना जरूरी



शहर के कई क्षेत्रों में निगम के कर्मचारी के द्वारा सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जहां सफाई हो रही है वहां पर लोग फिर से गंदगी कर रहे है। ऐसे में विकास के रास्ते खोलने के लिए जितना जरूरी संसाधन है उतना ही स्वच्छता अभियान से सभी का जुड़ाव जरूरी है।

**जरूरी है विकास के लिए स्वच्छता**

शहर के विकास के लिए स्वच्छता जरूरी है। ईश्वर का वास भी वहीं होता है, जहां स्वच्छता होती है। इस बात को सभी को समझना होगा। अगर रोजगार चाहिए तो नए उद्योग जरूरी है। उद्योगपति शहर में आएंगे व चौड़ी सड़क व स्वच्छता देखेंगे तो ही निवेश को प्राथमिकता देंगे। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका।
3-11-2021



# विधायक ने सिटी फोरलेन सेन्ट्रल लाइटिंग का लोकार्पण किया

3-11-21

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

विधायक चेतन्य काश्यप ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शहरवासियों को कॉन्वेन्ट स्कूल तिराहा से दो बत्ती चौराहा डाट की पुल के फोरलेन एवं सेन्ट्रल लाइटिंग का लोकार्पण कर सौगात दी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि सीवरेज एवं अन्य कार्यों से क्षतिग्रस्त शहर की सड़कों के नवनिर्माण का रोड मेप बन गया है। इसमें शहर 170 किमी सड़कें बनना प्रस्तावित है, जिसमें 20 किलोमीटर सड़कों का निर्माण फोरलेन के रूप में होगा। इस वर्ष शहर की सड़कों के लिए 20 करोड़ के टेंडर जारी किए गए है।

श्री काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के रतलाम प्रवास के दौरान फरवरी माह में 120 करोड़ की योजना बनाकर सड़कों के प्रस्ताव रखें गए है। इसके तहत निरंतर सड़कों का कार्य होगा। आज दो बत्ती चौराहा पर सिटी फोरलेन और सेन्ट्रल लाइटिंग का लोकार्पण प्रतिकात्मक है। इस तरह की सड़कों से हम पूरे रतलाम को बदलेंगे। शहर में सैलाना रोड, महू रोड, पावर हाउस रोड, मित्र निवास रोड, बाजना रोड पर फोरलेन बने है। नगर अब जल्द ही महानगर बनेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने की। पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित एवं पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने भी सम्बोधित किया।

आरंभ में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत भाषण देते हुए नगर निगम द्वारा सड़क निर्माण के विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत सहायक आयुक्त विकास इंजीनियर मो. हनीफ शेख, जीके जायसवाल,श्याम सोनी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, एमके जैन, अधीक्षक रामचंद्र शर्मा एवं सुभाष गोयल आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन मंगल लोढा ने किया। आभार सिटी इंजीनियर सुरेशचन्द्र व्यास ने माना।

2-11-21

3-11-2021

# शहर में सिर चढ़कर बोल रहा आवारा कुत्तों का आतंक

रतलाम। शहर में एक बार फिर आवारा कुत्तों का आतंक सिर चढ़कर बोल रहा है। आम लोगों के साथ शहर की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले पुलिस परिवार के लोग भी इसके शिकार हो रहे है। हाल ही में पुलिस लाइन क्षेत्र में 4 वर्षीय मासूम बालक पर आवारा कुत्तों ने जानलेवा हमला कर दिया। इससे पहले एक बच्ची को कुत्ते ने लहुलहान कर दिया था।

उपग्रह के पिछले अंक में 'आवारों श्वानों द्वारा काटने के मामलों में रतलाम को प्रदेश में दूसरा स्थान' शीर्षक से समाचार प्रकाशन किया गया था। इसे एक सप्ताह भी नहीं बीता और लगातार कुत्तों द्वारा काटने की घटनाएं हो रही है। पुलिस लाइन में आवारा कुत्तों के हमले से घायल हुए 4 वर्षीय बालक का नाम रितिक है, जिसे बगीचे में खेलते समय आवारा कुत्तों ने शिकार बनाया। इस हमले में वह बुरी तरह से घायल हो गया। परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। गौरतलब है कि इससे पूर्व अशोक नगर क्षेत्र की ग्रीन सिटी कॉलोनी में 4 वर्षीय बालिका पर भी कुत्ते ने जानलेवा हमला किया था, जिसका सीसीटीवी वीडियो सोश्यल मीडिया पर वायरल हुआ था।

दस दिनों में आवारा कुत्तों के हमले की यह दूसरी बड़ी घटना हुई है। इसके अलावा सड़कों पर वाहन चालकों पर कुत्ते आए दिन लपकते रहते है। इससे वाहन चालक दुर्घटना ग्रस्त होकर भी घायल हो रहे है। कुत्तों को पकड़ने के लिए निगम अमले ने पिछले अक्टूबर के पहले पखवाड़े में अभियान शुरू किया था, लेकिन एक सप्ताह में ही वह ठप हो गया। नतीजा ये है कि आवारा कुत्तों के काटने की घटनाओं में रतलाम को मध्यप्रदेश में इंदौर के बाद दूसरा नंबर मिला हुआ है। क्षेत्रफल और जनसंख्या की दृष्टि से इंदौर से छोटा होने के बाद भी रतलाम की यह स्थिति काफी चिंताजनक है।

कुत्तों की बढ़ती संख्या को देखकर नगर निगम ने आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी करना भी शुरू किया था। इसके लिए जुलवानिया के ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कुत्तों के बधियाकरण के लिए भवन और कमरे भी बनाए गए हैं, लेकिन शुरुआत होने के बाद ये कार्य भी बंद हो गया है। शहरवासियों विशेषकर बच्चों पर कुत्तों के हमलों की घटनाओं से लोगों में नगर निगम के खिलाफ गुस्सा बढ़ गया है।

सा. उपग्रह ५-११-२०२१

## शौचालय बनाने के लिए किस्त भुगतान नहीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई हुई। सर्वोदय नगर के दिनेश मकवाना ने आवेदन दिया कि नगर उदय अभियान में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए बकाया किस्त का भुगतान नहीं किया है। निगमायुक्त को कार्रवाई के लिए कहा। सेवानिवृत शिक्षिका स्नेहलता सिमोन ने कहा तृतीय क्रमोन्नति वेतनमान की पात्रता आती है, लेकिन नहीं दिया है। आवेदन पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को कार्रवाई के लिए कहा। काजीपुरा निवासी निसार खान ने आवेदन दिया कि उसके प्लॉट पर कब्जा करने के उद्देश्य से उसके पड़ोसी ने निर्माण किया है। इसे लेकर पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं।

दैनिक भास्कर 3/11/2021

## 17 आवेदन पर निराकरण के निर्देश

रतलाम। जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। अपर कलेक्टर एमएल आर्य, जिला पंचायत जमुना भिड़े, डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावत ने आवेदकों की समस्या सुनी और निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए।

जनसुनवाई में सर्वोदय नगर रतलाम के दिनेश मकवाना ने आवेदन दिया कि नगर उदय अभियान अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु उसको बकाया किस्त का भुगतान नहीं किया गया है। आवेदन पर निगमायुक्त को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। काजीपुरा निवासी निसार खान ने आवेदन दिया कि उसके प्लाट पर कब्जा करने के उद्देश्य से उसके पड़ोसी द्वारा निर्माण किया गया है।

नईदुनिया 3/11/2021

## मिठाई और सेंव के नमूने लिए



आलोट में रसगुल्ले के डिब्बे की जांच करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा।

**रतलाम।** कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण व गुणवत्ता स्तर की जांच के लिए खाद्य पदार्थ के नमूने लिए जा रहे हैं। लगातार विभाग के अधिकारियों द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य संस्थानों का निरीक्षण किया जा रहा है। त्योहारी सीजन में आमजनों को गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन लगातार निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा ने बताया कि मंगलवार को विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए राज सेलिब्रेशन से रसगुल्ला, मनोहरलाल खत्री आलोट से मिठाई, बीकानेर स्वीटस आलोट से मलाई बर्फी, बालाजी स्वीट्स व नमकीन आलोट से सेंव के नमूने लिए गए। जब्त नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा, जहां से रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रेमकुमार अहिरवार और राजस्व निरीक्षक घनश्याम लौहार भी साथ थे। जमरा ने बताया कि इसके साथ ही अन्य खाद्य संस्थानों का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने और एक्सपायरी सामान नहीं बेचने के निर्देश दिए गए।

नईदुनिया 3/11/21

## पटाखा दुकान पर जांच के लिए सेंपल लेने पहुंचे अधिकारी

रतलाम। पटाखों को लेकर सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के गाइडलाइन क्या अनुसार दीपावली के त्यौहार पर रतलाम शहर में केवल ग्रीन पटाखे छोड़ने की अनुमति रहेगी। जिसे लेकर प्रशासन के अधिकारियों ने पटाखा विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया है। पटाखा दुकानों पर से पटाखों के सैंपल भी लिए गए हैं जिन्हें उज्जैन स्थित लैब भेज कर उनमें उपयोग किए गए केमिकल की जांच की जाएगी। रतलाम के विधायक सभागृह और हनुमान ताल स्थित पटाखा दुकानों से प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण सैंपल एकत्रित किए है। शहर में भी इस गाइडलाइन के अनुसार मंगलवार को प्रशासन की सख्ती पटाखा दुकानों पर दिखाई दी। जहां शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत और तहसीलदार गोपाल सोनी ने पटाखा दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों को केवल ग्रीन पटाखे ही बेचने की हिदायत दी है। प्रशासनिक अधिकारियों ने दुकानों से जांच के लिए पटाखों के सैंपल भी एकत्रित करवाए हैं।

मध्यभारत 3/11/21

मध्यभारत 3/11/2021

# उद्योगों को भूमि आवंटन में न हो विलंब

## समय सीमा में हो काम ● स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 30 दिन में उद्योग प्रारंभ करने के संबंध में जो भी प्रक्रिया तय की गई हैं, उनका क्रियान्वयन समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। उद्योगों को भूमि आवंटन की प्रक्रिया में विलंब नहीं हो। नगर पालिका, नगर पंचायत स्तर पर प्रकरण लंबित न रहें। जो कार्य 30 दिन में किए जा सकते हों, उन्हें ही स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज में सम्मिलित किया जाए। विभागों की गतिविधियों का थर्ड पार्टी एसेसमेंट कराया जाए।



शिवराज सिंह चौहान

मुख्यमंत्री मंगलवार को मंत्रालय में आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के अंतर्गत प्रदेश में 30 दिवस में उद्योग आरंभ करने की सुविधा के संबंध में लिए गए निर्णयों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन संजय शुक्ला तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मालूम हो, स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज कार्यक्रम में नौ विभाग की 45 सेवाओं को चिन्हित किया गया है। इनमें ऊर्जा विभाग की चार, श्रम विभाग की नौ, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग (नियंत्रक नाप तौल) की चार, वाणिज्य कर विभाग की एक, राजस्व विभाग की एक, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की 14, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की एक, नगरीय विकास एवं आवास विभाग की पांच और पर्यावरण विभाग अर्थात मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की छह सेवाओं को सम्मिलित किया गया है। नईदुनिया।

### 12 इंच व्यास के कटर के लिए अब अनुमति जरूरी नही

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। मध्य प्रदेश में अब कोई भी 12 इंच तक का कटर (आरा) लगाकर लकड़ी चीर सकेगा। इसके लिए अनुमति लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कैबिनेट ने मंगलवार को 'मध्य प्रदेश काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम 1984' में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में यह प्रस्ताव विधानसभा पटल पर रखा जाएगा। वहां से मंजूरी के बाद यह प्रदेश में लागू हो सकेगा। अधिनियम में 12 इंच के कटर को आरा मशीन की परिभाषा में शामिल किया है, जिसे अब बाहर किया जा रहा है। संशोधन के बाद 30 इंच या उससे अधिक का कटर आरा मशीन की परिभाषा में आएगा। 30 इंच का कटर लगाने के लिए अनुमति लेनी होगी।

नईदुनिया 3/11/2021।

---

उप्र-हरियाणा जैसा कानून मध्यप्रदेश में बनाने की तैयारी

# अब जिसने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, उसी से वसूली

भास्कर न्यूज | भोपाल

3/11/21

मप्र में प्रदर्शनकारी और आंदोलनकारी भी अब कानून के दायरे में आएंगे। यदि विरोध प्रदर्शन के दौरान उन्होंने किसी सरकारी अथवा निजी चल-अचल संपत्ति को नुकसान किया तो उनसे इतनी ही राशि की वसूली होगी। आंदोलन या प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले भी बच नहीं पाएंगे। राज्य सरकार 'लोक एवं निजी संपत्ति को नुकसान निवारक एवं नुकसानी की वसूली अधिनियम-2021' लाने जा रही है।

इस एक्ट को लागू कराने के लिए ट्रिब्यूनल का गठन होगा, जिसके फैसले को सिर्फ हाईकोर्ट में ही चैलेंज किया जा सकेगा। इसके अध्यक्ष रिटायर्ड जिला जज होंगे। बुधवार को सीनियर सैक्रेटरी की कमेटी में इस एक्ट का प्रारूप रखा जा रहा है। उत्तरप्रदेश और हरियाणा की तर्ज पर बनने वाले इस एक्ट पर तकरीबन सहमति बन गई है। शेष | पेज 2 पर

### वसूली का ढांचा : रिटायर्ड जज होंगे ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष

ट्रिब्यूनल में आईजी व सचिव रैंक के रिटायर्ड अफसर मेंबर होंगे। जिला स्तर पर क्लेम कमिश्नर होगा, जिसका काम एडीशनल अथवा डिप्टी कलेक्टर को सौंपा जाएगा। सरकारी संपत्ति के नुकसान की शिकायत कार्यालयीन अफसर और निजी संपत्ति की शिकायत मालिक करेगा।

---

पेज 1 के शेष

### अब जिसने सरकारी संपत्ति को ...

सीनियर सैक्रेटरी की कमेटी से हरी झंडी मिलने के बाद इसे कैबिनेट और फिर विधानसभा में लाने की तैयारी होगी। मप्र तीसरा राज्य होगा, जो यह कानून लाएगा। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा का कहना है कि नया एक्ट लाने पर विचार चल रहा है। उच्च स्तर पर इस बारे में निर्णय होगा। शिकायत के बाद क्लेम कमिश्नर मौके पर जाकर फोटोग्राफ व नुकसान की रिपोर्ट ट्रिब्यूनल को देगा। इसी आधार पर ट्रिब्यूनल फैसला देगा। क्लेम कमिश्नर उसका पालन कराएगा। ट्रिब्यूनल को मजबूती देने के लिए इसके फैसले की चुनौती सिर्फ हाईकोर्ट में ही दी जा सकेगी। वसूली देने में आनाकानी हुई तो संबंधित व्यक्ति की संपत्ति की नीलामी भी हो सकती है। अप्रैल 2021 में हरियाणा ने एक्ट बनाया। इसमें रैली-हड़ताल और प्रदर्शन सभी को शामिल किया गया है। अभी कोई वसूली नहीं हुई। उप्र में मार्च 2020 में यह कानून बना है। अभी कोई वसूली नहीं हुई।

दै. भास्कर 3/11/2021।